# विकास प्राधिकरण की अभ्युक्ति एवं पूर्णता प्रमाण –पत्र

पत्रांकः 115/17 /मानचित्र अनु0 जोन–बी/2017 दिनांक :– 31/1/17

मै0 तिरूपति एसोसिऐट के अधिकृत हस्ताक्षरी श्री सतीश साहनी द्वारा अपने पत्र दिनांक 03.10.16 द्वारा पूर्व स्वीकृत तलपट मानचित्र संख्या 22/09 में शीलकुंज कालोनी (द्वितीय), ग्राम मुकर्रबपुर पल्हैडा, मेरठ के खसरा संख्या–624, 626, 627, 628, 629पी, 637 638, 640पी, 644पी, 645पी, 647पी व 648पी के कुल क्षेत्रफल 113765.00 वर्ग मी0 भूमि पर स्वीकृत तलपट मानचित्र संख्या 22/09 का पूर्णता प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने के प्रस्ताव का स्थलीय परीक्षण अवर अभियन्ता एवं प्रभारी मानचित्र द्वारा कर लिया गया है। कालोनाइजर द्वारा अनुबन्ध की शर्तों के अनुसार आन्तरिक विकास कार्य सडक, सीवर, पाली, विद्युत, पार्क एवं रेनवाटर हार्वेस्टिंग का प्राविधान स्वीकृत तलपट मानचित्र के अनुसार किया गया है। उपाध्यक्ष महोदय के अनुमोदन दिनांक 31.12.16 के क्रम में आपके द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र दिनांक 17.01.17 के अनुसार कालोनी के आन्तरिक विकास कार्यों का अनुरक्षण नगर निगम को हस्तान्तरण करने तक कालोनाइजर का होगा।

उपरोक्त शर्त के साथ नगर योजना एवं विकास अधिनियम–1973 की धारा–15 क(2) के पूर्णता प्रमाण पत्र जारी किया जाता है।

23.1.17

मुख्य नगर नियोजक,
मेरठ विकास प्राधिकरण,
मेरठ।

**प्रभारी अधिकारी,** / C.T.P. 4-2-10

कृपया तलपट मानचित्र संख्या 22/09 में मै0 तिरूपति एसोसिएट्स के अधिकृत हस्ताक्षरी श्री सतीश साहनी के दांयी ओर संलग्न पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें। आवेदक द्वारा अनुरोध किया गया है कि तलपट मानचित्र संख्या 22/09 शील कुंज–2 कालोनी, रूड़की रोड़ के समस्त विकास कार्य पूर्ण करा दिये गये है। अतः उन्हे भू–विन्यास का पूर्णता प्रमाण पत्र जारी कर दिया जाये।

उपरोक्त के क्रम में स्थल निरीक्षण प्रभारी अधिकारी के साथ संयुक्त रूप से किया गया तथा प्रस्तुत तलपट मानचित्र का परीक्षण किया गया। विस्तृत आख्या निम्नानुसार है :–

| क्र. सं. | विवरण | स्वीकृत तलपट के अनुसार (व.मी. में) | कम्पलीशन प्लान के अनुसार (व.मी. में) | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कुल भूमि का क्षेत्रफल | 113765.00 | 113765.00 | |
| 2. | चकरोड में समायोजित भूमि का क्षेत्रफल | 1520.00 | 1520.00 | |
| 3. | महायोजना मार्ग के अन्तर्गत भूमि | 10485.00 | 10485.00 | |
| 4. | भविष्य हेतु प्रस्तावित | 29835.00 | 29835.00 | |
| 5. | प्रस्तावित भूमि का नेट भूमि का क्षेत्रफल | 71925.00 | 71925.00 | 100% |
| 6. | भूखण्डों का क्षेत्रफल | 40304.00 | 40304.00 | 56.04% |
| 7. | व्यवसायिक क्षेत्रफल | 982.00 | 982.00 | 1.36% |
| 8. | शैक्षिक भूखण्ड | 761.00 | 761.00 | 1.06% |
| 9. | पार्क एवं खुले भाग क्षेत्रफल | 10790.00 | 10790.00 | 15.00% |
| 10. | आन्तरिक सडकों का क्षेत्रफल | 19088.00 | 19088.00 | 26.54% |

स्थल पर समस्त विकास कार्य स्वीकृत तलपट मानचित्र के अनुसार किये गये है। स्थल पर सड़क, पार्क, सीवर, पानी, विद्युत एवं रेनवाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था नियमानुसार की गई है तथा सुचारू रूप से क्रियाशील है, जिसे मानचित्र पर दर्शाया गया है। आवेदक द्वारा समस्त वाह्य विकास शुल्क प्राधिकरण कोष में जमा करा दिया गया है। (नोटशीट संख्या–70 की आख्यानुसार)

आन्तरिक विकास कार्यो के सापेक्ष 12 भूखण्ड बंधक रखे गये थे, जिसमें से 10 भूखण्ड 1024 से 1028 व 1064 से 1068 तक कुल 10 भूखण्ड अवमुक्त किये जा चुके है। सी1 व सी2 भूखण्ड अभी तक बंधक है, जिन्हे कालोनी को नगर निगम को हस्ताक्षरित करने तक बंधक रखना उचित होगा।

स्वीकृति की शर्तो के अनुसार कालोनी में आन्तरिक विकास कार्यो का रख–रखाव का दायित्व नगर निगम को हस्तांतरित करने तक आवेदक का होगा। तलपट मानचित्र स्वीकृति के समय लागू समस्त शर्तो का पालन करना होगा, इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।

कृपया उपरोक्त से सहमति की दशा में कालोनी का पूर्णता प्रमाण पत्र आवेदक/बिल्डर के पक्ष में जारी किये जाने हेतु अनुमोदन हेतु पत्रावली अग्रसारित करना चाहें।

Yadav 28/11/16
सतेन्द्र सिंह
अवर अभियन्ता

28/11/16
प्र. मा.
आर० पी० एस० राठौर
प्रभारी मानचित्र
मेरठ विकास प्राधिकरण
मेरठ।

प्रभारी मान० / S.E.

कृ. पूर्णता प्रमाण पत्र तलपट मानचित्र के सत्यापन हेतु वर्तमान के स्थल के फोटोग्राफ जिसमें किये गये विकास कार्य दर्शित हों / संलग्न कराकर आख्या प्रस्तुत करें।

28/11/16
मुख्य नगर नियोजक
मेरठ विकास प्राधिकरण
मेरठ

28/11/16
प्र. मा.

मेरठ विकास प्राधिकरण पृष्ठ संख्या (89) नोट शीट

प्रभारी अधि० / C.T.P. महोदय

कृ० मुख्य नगर नियोजक महोदय के निर्देशानुसार शिवकुंज II कॉलोनी के विकास कार्यों के स्थलीय फोटो संलग्न कर दिये गये हैं। अतः नोट शीट सं० 87-88 पर दी गई आख्या के क्रम में कॉलोनी का पूर्णता प्रमाण पत्र आवेदक/बिल्डर के पक्ष जारी किये जाने हेतु अनुमोदन प्राप्त करने हेतु पत्रावली अग्रसारित करने का कष्ट करें। 'A'

(हस्ताक्षर) 1/12/16 (सहा० अभियन्ता)

(हस्ताक्षर) 01/12/16 प्र.स. (अवर अभियन्ता)

9.64/अभियन्ता 01/12/16

सचिव/उपाध्यक्ष महो०

कृ० अंश 'A' अनुमोदनार्थ प्रेषित है।

(हस्ताक्षर) 02/12/16
मुख्य नगर नियोजक
मेरठ विकास प्राधिकरण
मेरठ

किन बिन्दुओं का समाधान कैसे किया गया यह M.S. पर स्पष्ट करें।

(हस्ताक्षर)
सचिव
मेरठ विकास प्राधिकरण
मेरठ
14/12

प्रभारी मान०

कृ० आख्या

(हस्ताक्षर) 15/12/16

# मेरठ विकास प्राधिकरण [redacted]ष्ठ संख्या (90) नोट शीट

प्रभारी अधिकारी, / C.T.P. महोदय / सचिव महो०

कृपया गत् पृष्ठ–66 पर सचिव महोदय के आदेशों के क्रम में अवगत कराना है कि तलपट मानचित्र स्वीकृत करते समय तलपट मानचित्र के अन्तर्गत पडने वाली चकरोड व नाली की कुल भूमि क्षेत्रफल 1520.00 वर्ग मी0 का समायोजन आवेदक द्वारा उपजिलाधिकारी सरधना के आदेश दिनांक 31.05.2011 के अनुसार कराया गया है। आदेश की सत्यापित प्रतिलिपि पत्रावली में दांयी ओर पताका ''क'' पर संलग्न है तथा समायोजित की गई भूमि स्वीकृत तलपट मानचित्र में दर्शित है। अतः नोटशीट संख्या–87 व 88 पर दी गई आख्या के क्रम में तलपट मानचित्र का पूर्णता प्रमाण पत्र आवेदक/बिल्डर के पक्ष में जारी करने हेतु अनुमोदन प्राप्त करने के लिए पत्रावली अग्रसारित करने का कष्ट करें।

16/12/16
हरतेन्द्र सिंह
अवर अभियन्ता

17/12/16

आर० पी० एस० राठौर
प्रभारी मानचित्र
मेरठ विकास प्राधिकरण
मेरठ।

17/12/16
CTP

मेरठ विकास प्राधिकरण
मेरठ

20/12
सचिव
मेरठ विकास प्राधिकरण
मेरठ

31/12/16

उपाध्यक्ष
मेरठ विकास प्राधिकरण
मेरठ

प्रभारी मान० / J.E.

20/01/17
CTP